प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**30 जून 2026**

## भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), मार्च 2026

आज, रिज़र्व बैंक ने मार्च 2026 के अंत के लिए भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति से संबंधित आंकड़े जारी किए। [1]

### प्रमुख बातें

### 2025-26 की चौथी तिमाही में आईआईपी (जनवरी-मार्च 2026):

- भारत पर अनिवासियों के निवल दावे 2025-26 की चौथी तिमाही में 52.4 बिलयन अमेरिकी डॉलर घटकर मार्च 2026 के अंत में 209.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गए, जिसका कारण भारत में विदेशी स्वामित्व वाली आस्तियों में कमी (40.1 बिलयन अमेरिकी डॉलर) और भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि (12.3 बिलयन अमेरिकी डॉलर) था (तालिका 1)।
- अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में विविधता ने अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में मूल्य निर्धारण करते समय देयताओं में बदलाव को प्रभावित किया।
- भारतीय निवासियों की विदेशी देयताओं में गिरावट मुख्य रूप से संविभाग निवेश और भारत में प्रत्यक्ष निवेश में गिरावट के कारण हुई; रुपये के संदर्भ में आवक प्रत्यक्ष निवेश में वृद्धि, विनिमय दर के मूल्यह्रास से अधिक थी, जिसके परिणामस्वरूप, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में, इसके मूल्य में गिरावट आई।
- 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों की वृद्धि में 60 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में हुई वृद्धि का और उसके बाद आरक्षित आस्तियों का था।
- भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों में 57.1 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित आस्तियों का था और एक चौथाई हिस्सा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का था (तालिका 2)।
- मार्च 2026 में अंतरराष्ट्रीय देयताओं की तुलना में भारत की अंतरराष्ट्रीय आस्तियों का अनुपात बढ़कर 85.2 प्रतिशत हो गया, जो एक तिमाही पहले 82.0 प्रतिशत था (चार्ट 1 और तालिका 1)।
- कुल बाह्य देयताओं में ऋण देयताओं की हिस्सेदारी हाल की तिमाहियों के दौरान क्रमिक रूप से बढ़ी जो कि मार्च 2026 के अंत तक 56.6 प्रतिशत पर थी (तालिका 3)।

[1] भारत की तिमाही आईआईपी एक तिमाही के अंतराल पर प्रसारित की जाती है और दिसंबर 2025 के अंत के लिए पिछली तिमाही की आईआईपी 30 मार्च 2026 को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर जारी की गई थी।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आईआईपी (अप्रैल-मार्च):**

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपये के मूल्य में गिरावट हुई और बाह्य वित्तीय देयताओं में गिरावट (42.8 बिलयन अमेरिकी डॉलर) के कारण अनिवासियों के निवल दावों में 119.2 बिलयन अमेरिकी डॉलर की कमी आई, जबकि भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में 76.4 बिलयन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई (तालिका 1)।

- वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि मुख्य रूप से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और आरक्षित आस्तियों में वृद्धि से प्रेरित रही।

- संविभाग निवेश और अनिवासियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश में गिरावट के परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान भारत की विदेशी देयताओं में गिरावट आई।

- भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय देयताओं की तुलना में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों का अनुपात, एक वर्ष पूर्व के 77.5 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2026 में बढ़कर 85.2 प्रतिशत हो गया (चार्ट 1 और तालिका 1)।

**सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों और देयताओं का अनुपात:**

- जीडीपी (वर्तमान बाजार मूल्यों पर) के अनुपात के रूप में, निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में सुधार दर्ज किया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बाह्य वित्तीय देयताओं में कमी आई (तालिका 4)।

- इसके परिणामस्वरूप, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में अनिवासियों के भारत पर निवल दावों का अनुपात एक वर्ष पूर्व के (-)9.0 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2026 में (-)5.9 प्रतिशत हो गया।

**(ब्रिज राज)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/569** मुख्य महाप्रबंधक


Chart 1: India's International Investment Position
(US$ billion, left scale; Per cent, right scale)
1,500
1,000
500
0
-500
-1,000
-1,500
95
90
85
80
75
70
65
1,210.4
85.2
-209.9
-1,420.3
Mar-24 (R)
Jun-24 (PR)
Sep-24 (PR)
Dec-24 (PR)
Mar-25 (PR)
Jun-25 (PR)
Sep-25 (P)
Dec-25 (PR)
Mar-26 (P)
Assets
Liabilities
Net IIP
Assets to Liability ratio (RHS)

## Table 1: Overall International Investment Position of India

(US$ billion)

| Period | Mar-25 (PR) | Jun-25 (PR) | Sep-25 (PR) | Dec-25 (PR) | Mar-26 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-329.1** | **-312.5** | **-271.0** | **-262.3** | **-209.9** |
| **A. Assets** | **1134.0** | **1177.3** | **1185.5** | **1198.1** | **1210.4** |
| **1. Direct Investment** | **270.5** | **279.6** | **289.2** | **296.9** | **304.3** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 173.6 | 179.8 | 187.5 | 193.6 | 199.1 |
| 1.2 Debt instruments | 96.9 | 99.8 | 101.7 | 103.3 | 105.2 |
| **2. Portfolio Investment** | **15.4** | **16.3** | **16.6** | **16.5** | **17.8** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 10.3 | 13.1 | 12.5 | 10.1 | 7.6 |
| 2.2 Debt securities | 5.1 | 3.2 | 4.1 | 6.4 | 10.2 |
| **3. Other Investment** | **179.8** | **183.3** | **179.6** | **197.0** | **197.2** |
| 3.1 Trade Credits | 33.7 | 33.7 | 31.9 | 34.2 | 30.9 |
| 3.2 Loans | 27.0 | 25.6 | 25.8 | 26.8 | 26.9 |
| 3.3 Currency and Deposits | 80.4 | 83.6 | 80.8 | 90.2 | 89.8 |
| 3.4 Other Assets | 38.7 | 40.4 | 41.1 | 45.8 | 49.6 |
| **4. Reserve Assets** | **668.3** | **698.1** | **700.1** | **687.7** | **691.1** |
| **B. Liabilities** | **1463.1** | **1489.8** | **1456.5** | **1460.4** | **1420.3** |
| **1. Direct Investment** | **556.9** | **571.2** | **562.0** | **559.0** | **543.3** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 521.9 | 535.4 | 525.7 | 522.1 | 506.1 |
| 1.2 Debt instruments | 35.0 | 35.8 | 36.3 | 36.9 | 37.2 |
| **2. Portfolio Investment** | **272.0** | **272.6** | **258.7** | **255.9** | **233.4** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 141.9 | 147.4 | 133.0 | 130.1 | 110.4 |
| 2.2 Debt securities | 130.1 | 125.2 | 125.7 | 125.8 | 123.0 |
| **3. Other Investment** | **634.2** | **646.0** | **635.8** | **645.5** | **643.6** |
| 3.1 Trade Credits | 131.2 | 131.1 | 135.0 | 148.3 | 144.9 |
| 3.2 Loans | 250.6 | 260.3 | 258.6 | 259.9 | 264.9 |
| 3.3 Currency and Deposits | 167.6 | 171.7 | 168.9 | 173.9 | 170.3 |
| 3.4 Other Liabilities | 62.8 | 60.2 | 50.6 | 40.7 | 41.1 |
| 3.5 Special drawing rights (Net incurrence of liabilities) | 22.0 | 22.7 | 22.7 | 22.7 | 22.4 |
| ***Memo Item: Assets to Liability ratio (%)*** | **77.5** | **79.0** | **81.4** | **82.0** | **85.2** |

**Notes (applicable for all tables):**

1. P: Provisional; PR: Partially Revised; and R: Revised.
2. The sum of the constituent items may not add to the total due to rounding off.

## Table 2: Composition of International Financial Assets and Liabilities of India

(per cent)

| Period | Mar-25 (PR) | Jun-25 (PR) | Sep-25 (PR) | Dec-25(PR) | Mar-26 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **A. Assets** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 23.8 | 23.7 | 24.4 | 24.8 | 25.1 |
| 2. Portfolio Investment | 1.4 | 1.4 | 1.4 | 1.4 | 1.5 |
| 3. Other Investment | 15.9 | 15.6 | 15.1 | 16.4 | 16.3 |
| 4. Reserve Assets | 58.9 | 59.3 | 59.1 | 57.4 | 57.1 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| **B. Liabilities** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 38.1 | 38.3 | 38.6 | 38.3 | 38.3 |
| 2. Portfolio Investment | 18.6 | 18.3 | 17.8 | 17.5 | 16.4 |
| 3. Other Investment | 43.3 | 43.4 | 43.6 | 44.2 | 45.3 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

## Table 3: Share of External Debt and Non-Debt Liabilities of India

(per cent)

| Period | Mar-25 (PR) | Jun-25 (PR) | Sep-25 (PR) | Dec-25 (PR) | Mar-26 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| Non-Debt Liabilities | 45.4 | 45.8 | 45.2 | 44.7 | 43.4 |
| Debt Liabilities | 54.6 | 54.2 | 54.8 | 55.3 | 56.6 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

## Table 4: Ratios of External Financial Assets and Liabilities to GDP (nominal)

(per cent)

| Period | Mar-24 (R) | Mar-25 (PR) | Mar-26 (P) |
|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-10.5** | **-9.0** | **-5.9** |
| **A. Assets** | **29.7** | **30.4** | **32.9** |
| **1. Direct Investment** | **7.0** | **7.3** | **8.3** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 4.4 | 4.7 | 5.4 |
| 1.2 Debt instruments | 2.6 | 2.6 | 2.9 |
| **2. Portfolio Investment** | **0.3** | **0.4** | **0.5** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 0.3 | 0.3 | 0.2 |
| 2.2 Debt securities | 0.0 | 0.1 | 0.3 |
| **3. Other Investment** | **3.8** | **4.7** | **5.2** |
| 3.1 Trade Credits | 0.9 | 0.8 | 0.7 |
| 3.2 Loans | 0.5 | 0.7 | 0.7 |
| 3.3 Currency and Deposits | 1.6 | 2.2 | 2.4 |
| 3.4 Other Assets | 0.8 | 1.0 | 1.4 |
| **4. Reserve Assets** | **18.6** | **18.0** | **18.9** |
| **B. Liabilities** | **40.2** | **39.4** | **38.8** |
| **1. Direct Investment** | **15.6** | **15.0** | **14.8** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 14.7 | 14.0 | 13.8 |
| 1.2 Debt instruments | 0.9 | 1.0 | 1.0 |
| **2. Portfolio Investment** | **8.0** | **7.3** | **6.4** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 4.7 | 3.8 | 3.0 |
| 2.2 Debt securities | 3.3 | 3.5 | 3.4 |
| **3. Other Investment** | **16.6** | **17.1** | **17.6** |
| 3.1 Trade Credits | 3.6 | 3.5 | 4.0 |
| 3.2 Loans | 6.4 | 6.8 | 7.2 |
| 3.3 Currency and Deposits | 4.4 | 4.5 | 4.7 |
| 3.4 Other Assets | 1.6 | 1.7 | 1.1 |
| 3.5 Special drawing rights (Net incurrence of liabilities) | 0.6 | 0.6 | 0.6 |